## सार-समाचार

### पब्बाराम विश्नोई को जन्मदिन की बधाई

फलोदी, (निसं)। क्षेत्रीय विधायक पब्बाराम विश्नोई के जन्म दिवस पर मंगलवार को उनके समर्थकों का उनके निवास बधाइयां देने को लेकर जम्भेश्वर नगर,ऐलाना में तांता लगा रहा। पार्टी के वरिष्ठ नेता महंत भगवानदास जांबा, स्वामी बालकिशन, हरि माडपुरा, रामकुमार,सियाक, संजय गोदारा, ओबीसी जिला अध्यक्ष मुरलीधर तंवर, उपाध्यक्ष विजय कुमावत, युवा मोर्चा के महेंद्र खत्री, ओम राठी, मांगीलाल पालीवाल, तोलाराम प्रजापत, लून करण शर्मा, सुरेश खत्री,हनुमान राम, हजारीराम पुनिया,मालाराम मांजू ,बंसी पंवार,मांगीलाल सारण ने विधायक पबाराम विश्नोई को कौशल गौ शाला में माला ,साफा पहनाकर शुभकामनाएं दी। कौशल गौ शाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक विश्नोई ने कहा कि उन्होंने संपूर्ण विधान सभा के विकास की चिंता की है।मेरे अपने सभी कार्यकर्ताओं ने मेरे से जो भी उम्मीद रखी मैं उस पर खरा उतरा हूं। मेरा राजनीतिक जीवन सेवा कार्य में ही लगा है। ढाणियों में बिजली, पेयजल, चिकित्सा, शिक्षा की मूलभूत सुविधा हुई है।शेष बची ढाणियों, गावो में व्यवस्था सुधार के मेरे प्रयास जारी है। मेरा जीवन सेवा के लिए है। मेरे जन्म दिन पर मुझे आपने आशीर्वाद दिया में उस ऊर्जा से आपकी सेवा करता रहूंगा।

### प्रगति शिक्षार्थियों का सम्मान किया

पाली, (नि.सं.)। रेमन मैगसेसे पुरस्कार (2025) प्राप्त करने वाली पहली पहली भारतीय संस्था एजुकेट गर्ल्स ने पाली में एक दीक्षांत समारोह आयोजित किया। जिसमें प्रगति, अपने द्वितीय-अवसर शिक्षा पहल के माध्यम से कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएँ सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले शिक्षार्थियों का सम्मान किया गया। इस समारोह में सामुदायिक नेता, सरकारी प्रतिनिधि, साझेदार, स्वयंसेवक और शिक्षार्थी एकत्र हुए, ताकि ग्रामीण और शैक्षिक रूप से वंचित समुदायों में लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लगभग दो दशकों का उत्सव मनाया जा सके। स्नातक विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, और संवादात्मक सत्रों में शिक्षार्थियों, सामुदायिक मेंटर प्रेरक और जमीनी स्तर के टीम बालिका स्वयंसेवकों को दृढ़ता, सामुदायिक सहभागिता और परिवर्तन की प्रभावशाली कहानियाँ साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश चंद्र राठौड़, जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी पाली ने पिछले 18 वर्षों में एजुकेट गर्ल्स के निरंतर प्रभाव की सराहना की।

### डीजल-पेट्रोल की किल्लत नहीं : डॉ.गावंडे

जालोर, (निसं)। जिले में डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में पेट्रोल और डीजल की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है, पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने भी आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन द्वारा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है और आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित है। जिला रसद अधिकारी नमिता नारवाल ने बताया कि जिले में नियमित रूप से डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है।पेट्रोल डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। जिले में ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि तीनों पेट्रोलियम कंपनियों आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल द्वारा पेट्रोल पंपों का सुचारू संचालन किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेट्रोलियम कंपनियों के पास देश भर में डीजल एवं पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है।

### 40 अनाधिकृत वेंडरों पर लगाया जुर्माना

जोधपुर, (कासं)। रेलवे द्वारा अनाधिकृत वेंडिंग पर अंकुश लगाने के लिए, चलाए गए विशेष अभियान के तहत जोधपुर मंडल की विभिन्न ट्रेनों में 40 अनाधिकृत वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 15 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव के अनुसार अभियान के दौरान अनाधिकृत रूप से सामान बेच रहे 40 वेंडरों को पकड़ा गया और नियमानुसार उन पर जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि ट्रेनों एवं रेलवे परिसरों में अवैध रूप से सामान बेचना गैरकानूनी है। रेलवे द्वारा इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नियमित रूप से ऐसे जांच अभियान चलाए जा रहे हैं,जो आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से जहां यात्रियों को बेहतर एवं सुरक्षित सेवाएं मिलेंगी वहीं स्टेशन परिसर में सुव्यवस्था भी बनी रहेगी। इसके लिए संबंधित सेक्शन के वाणिज्य निरीक्षकों एवं टिकट चेकिंग स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### विश्व क्षय रोग दिवस पर गोष्ठी हुई

बालोतरा, (निसं)। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय राजकीय नाहटा जिला चिकित्सालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएमओ एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप कुमार देवात ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन जिला टीबी मुख्यालय के एसटीएस महेश सिंह चौहान ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. संदीप कुमार देवात ने बताया कि आज से पूरे जिले में लगातार 100 दिनों तक संघन जांच अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक गांव में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के साथ एक टीम पहुंचेगी, जो संभावित रोगियों की जांच करेगी। जांच में टीबी रोगी की पहचान होने पर उन्हें निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं जिन व्यक्तियों में टीबी नहीं पाई जाएगी, उन्हें संक्रमण से बचाव के लिए नामक दवा दी जाएगी तथा समय-समय पर पुनः जांच भी की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में सिणधरी से आए टीबी एसटीएस हरिओम बेनीवाल ने टीबी हारेगा, देश जीतेगा का नारा लगवाकर गोष्ठी का समापन किया।

### शयान खान के 1दसवीं में 95 प्रतिशत अंक

जोधपुर , (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शहर के कैरियर प्लेनेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जालोरी गेट के छात्र मोहम्मद शयान खान ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों ने शयान की मेहनत, अनुशासन और एकाग्रता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शयान खान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन तथा माता शबीना, पिता शम्मी उल्लाह खान और दादा मोहम्मद सलीम से मिली प्रेरणा को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### पावटा अस्पताल में व्हील चेयर भेंट

जोधपुर, (कासं)। सरकारी अस्पतालों में रोगियों की सुविधाओं के लिए भामाशाह आगे आते रहते है। इसी कड़ी में पावटा जिला अस्पताल में सोमवार को स्वर्गीय ठेकेदार मोती राम तिड़दिया की स्मृति में उनके पुत्र मांगीलाल तिड़दिया ने रोगियों की सुविधा के लिए एक व्हील चेयर भेंट की। पावटा क्षेत्र के गांधीपुरा, बी जे एस कालोनी निवासी समाज सेवी रहे स्वर्गीय ठेकेदार मोती राम तिड़दिया के पुत्र मांगीलाल तिड़दिया भी अपने पिताश्री के पद चिन्हों पर चलते हुए जिला अस्पताल पावटा में रोगियों की सुविधा के लिए एक व्हील चेयर अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ .कुलवीर सिंह चोपड़ा को भेंट की। इस अवसर पर अस्पताल के नर्सिंग अधीक्षक दिलीप सिंह राठौड़ एवं ठेकेदार मोती राम के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।

### माजीसा धाम पर भक्ति संध्या आज

जोधपुर, (कासं)। माजीसा धाम, गांधी नगर, माता का थान स्थिति माजीसा धाम पर दाता सवाई सिंह जी भोमिया सा भक्त मंडल के तत्वावधान में 25 मार्च को भक्ति संगीत संध्या (जागरण) का भव्य आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम में सुभाष वैष्णव एव पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। धाम के गादीपति मोहनलाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में नखत बन्ना धाम बावड़ी बेरा, तिवरी के गादीपति गणेश गिरी, हनुमान शनि धाम, प्रताप नगर जोधपुर के गादीपति गोपाल महाराज व वृंदावन के दामोदर महाराज भारद्वाज अतिथियों के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### डाबली में रात्रि चौपाल आज

जालोर, (कासं)। जिला कलक्टर जालोर डॉ. प्रदीप के. गावंडे 25 मार्च, मंगलवार को सायं 7 बजे से सायला उपखण्ड की डाबली ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल करेंगे। डाबली में बुधवार को रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करेंगे।

# जन्म कल्याणक महोत्सव आज से, पत्रक का विमोचन किया

जोधपुर, (कासं)। श्री महावीर जैन नवयुवक मण्डल एवं भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति की ओर से भगवान महावीर का 2625वाँ जन्म कल्याणक महोत्सव 25 मार्च से 5 अप्रेल तक मनाया जायेगा।

कार्यक्रम में जोधपुर जैन समाज की सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थायें अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएगी। इस मौके पर शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस शोभा यात्रा में जैन धर्म, भगवान महावीर और उनके जीवन आदर्शों से ओत प्रोत लगभग 100 से अधिक झांकियां निकाली जायेगी।

समिति के सचिव धीरज कुमार रांका व मीडिया प्रभारी प्रवीण सुराणा ने बताया कि श्री महावीर जैन नवयुवक मण्डल एवं भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति पिछले 67 वर्षो से जोधपुर में महावीर जन्म कल्याणक के कार्यक्रमों का वृहद स्तर पर आयोजन एवं शोभायात्रा का संचालन करती आ रही है।

इसी कड़ी में इस वर्ष भी 25 मार्च से 5 अप्रेल तक भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मंगलवार को प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार, 25 मार्च को पावटा स्थित भगवान महावीर उद्यान में प्रातः 8.30 बजे शुभ मुहूर्त में अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रमों का आगाज किया जायेगा। संयोजक दीपक खिंवसरा व सह संयोजक अमृतराज गोलिया, सुरेन्द्र कुमार नंदावत, कैलाश मेहता, दलपतमल सिंघवी, सुरेन्द्र मोहनोत, अरुण मोहनोत, राजेंद्र जैन व कमलेश मेहता होंगे।

27 मार्च को मानव सेवा दिवस के रूप में छोटमल लाडकंवर नव सुमन डागा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजन में मनाया जायेगा जिसके तहत वात्सल्यपुरम, अपनाघर, टाउनहॉल, कुष्ठ आश्रम, वृद्धाश्रम, सेवाभारती आदि स्थानों पर भोजन वितरण एवं अन्य जनसेवा कार्य किये जायेंगे।

28 मार्च को जीव दया दिवस के रूप में समिति, श्री वीर प्रभु संस्थान व श्री वीर प्रभु महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रातः 9 बजे अरणा झरणा मोकलावास स्थित श्री ओसवाल सिंह सभा धर्मपुरा गौशाला में गायों, बकरों, खरगोश व अन्य मूक पशु पक्षियों को हरा चारा व लापसी वितरण व कुत्तों के बाडे में दूध, रोटी, सोगरा आदि खिलाकर सेवा कार्य किया जाएगा।

रविवार 29 मार्च को सांय 7.15 बजे से "एक शाम- प्रभु महावीर के नाम" विशाल भजन संध्या सरदारपुरा स्थित गांधी मैदान में आयोजित होगी जिसमें रायपुर छत्तीसगढ़ के भजन गायक अंकित लोढा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे।

समिति अध्यक्ष बलवंत खिंवसरा ने बताया कि समाजसेवी व भामाशाह श्याम कुंभट के संयोजन में सोमवार, 31 मार्च को भगवान महावीर स्वामी की विशाल शोभा यात्रा प्रातः 8.30 बजे पूजा अर्चना के पश्चात् फतेहपोल से निकाली जायेगी। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जूनी धानमण्डी स्थित महावीर स्वामी के मंदिर पर विसर्जित होगी।

शोभा यात्रा संचालन के लिए श्री विधायक अतुल भंसाली, कानराज मोहनोत, प्रदीप गांग, कल्पेश सिंघवी, प्रवीण सुराणा, आलोक चैरडिया, पुनित कांगोत, जितेन्द्र कोठारी, तरुण समदडिया, सतिन भंडारी, अमित सिंघवी, रौनक कर्णावट, गौतम कटारिया, ललित गांधी, खुश सिंघवी, गौरव जैन खिंवसरा, पुष्पचंद चौपडा, अजय जैन, राजवीरचंद भंडारी, दिनेश सिंघवी, नरेंद्र गोठी, पंकज रांका, कमल सुराणा व नवरतन चैरडिया को कार्यभार सौंपा गया है। साथ ही बॉकी टॉकी के माध्यम से भी शोभा यात्रा का संचालन किया जाएगा। रविवार को कार्यक्रमों का समापन व सम्मान समारोह पाल रोड उद्यान अपार्टमेंट के पास स्थित खरतरगच्छ जैन सेवा ट्रस्ट प्रांगण में आयोजित किया जायेगा जिसमें शोभा यात्रा में भाग लेने वाली सभी संस्थाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। आज महोत्सव से संबंधित पत्रक का विमोचन किया गया।

### सकल जैन समाज की सामूहिक सामायिक 29 को

श्री मरुधर केसरी मित्र मंडल जोधपुर द्वारा आयोजित सकल जैन समाज सामूहिक सामायिक कार्यक्रम "एक छत एक सामायिक प्रभु महावीर के नाम" 29 मार्च को महावीर कॉम्पलेक्स में सुबह 8 से 9 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

मित्र मंडल प्रचार प्रसार मंत्री आशीष कटारिया ने बताया कि महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर आयोजित सकल जैन समाज सामूहिक सामायिक के पोस्टर एवं बैनर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन के दौरान मंडल अध्यक्ष अमरचंद फोफलिया , मनीष मुथा, अभिषेक चोपड़ा, अशोक भंडारी, दिनेश संकलेचा, हितेश भंडारी, पदम कवाड़, ज्ञानचंद हिरण, मनीष पटवा, जितेंद्र भंसाली एवं दिनेश कवाड़ सहित सदस्य मौजूद थे।

## प्रभु श्रीराम का दिव्य अभिषेक किया

पाली, (नि.सं.)।मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव राम नवमी के पावन अवसर से पूर्व शहर में भक्ति का उल्लास चरम पर है।

इसी कड़ी में हिंदू महोत्सव समिति और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के संयुक्त तत्वावधान में प्रभु श्री राम दरबार का भव्य अभिषेक एवं श्रृंगार कार्यक्रम पानी दरवाजा स्थित गोपीनाथ जी मंदिर में संपन्न हुआ।

जिला प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शुभ मुहूर्त में विद्वान पंडित विशाल जोशी,महिपाल शर्मा के सानिध्य में हुआ। भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण जी और भक्त शिरोमणि हनुमान जी की प्रतिमाओं का दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल (पंचामृत) से दिव्य अभिषेक किया गया। राम दरबार अभिषेक व श्रृंगार में मुख्य यजमान गोरधन जोशी, रगलाल जाट सपत्नीक कार्यक्रम में बैठे।

साथ ही ओम आश्रम जाडन उत्तराधिकारी परम् पूज्य स्वामी अवतार पुरी महाराज का आशिर्वाद कार्यक्रम में मिला। अभिषेक के पश्चात प्रभु का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। प्रभु श्री राम को नवीन रेशमी वस्त्र, स्वर्ण आभूषण और ताजे पुष्पों के हार धारण कराए गए। यह आयोजन समाज में समरसता और प्रभु राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से किया गया है। कार्यक्रम के पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

25 मार्च को शाम 5:30 बजे हिंदू महोत्सव समिति के द्वारा शोभायात्रा मार्ग में आने वाले प्रतिष्ठान व निवासियों को शोभायात्रा का निमंत्रण दिया जाएगा।

श्री राम दरबार अभिषेक व श्रृंगार कार्यक्रम मे रामनवमी शोभायात्रा अध्यक्ष सीताराम जोशी, उपाध्यक्ष सोहन सिंह, उपाध्यक्ष भंवरलाल गुगुरिया, हिंदू महोत्सव समिति के संस्थापक कमल किशोर गोयल,मंत्री परमेश्वर जोशी, बजरंग दल अखिल भारतीय संयोजक किशन प्रजापत,प्रांत उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भाटी,हिन्दू महोत्सव समिति अध्यक्ष रँगलाल जाट, नरेंद्र माछर,हेमन्त जोशी,गोरधन जोशी, विनीता तनवानी, सन्तोष वैष्णव, रेखा सोलंकी,भीमराज चौधरी, अनिल चौहान, हरीश पांडे,रामसुख पायक, बाबूलाल कुमावत,प्रवीण सीरवी, भेरूसिंह राजपुरोहित, आनंदस्वरूप गुप्ता, कैलाश कुमावत, प्रविण उपाध्याय, श्रवण रावल, अशोक बंजारा, गौरव शर्मा,श्रवण भीलवारा, प्रवीण सोनी, दुर्गेश चौहान,किशोर सेन, भरत शर्मा, अक्षय राठौड़, प्रमोद गौड सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिवाडा की चन्द्रिका ने 99 प्रतिशत अंक हासिल किए



चन्द्रिका विश्नोई



लविसा जैन



सुहानी जैन

जालोर, (कासं)। राजस्थान शिक्षा बोर्ड बोर्ड अजमेर की ओर से मंगलवार को दसवी बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। चितलवाना तहसील के सिवाडा की चन्द्रिका विश्नोई ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले का नाम राज्य स्तर पर रोशन किया।

दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम दोपहर एक बजे शिक्षा मंत्री द्वारा जारी किया गया। परिणाम देखकर अधिकतर छात्रो के चेहरो पर खुशी नजर आई तो किसी के चेहरे पर मायूसी नजर आई। जालोर जिले के चितलवाना की छात्रा चन्द्रिका विश्नोई ने कठिन परिश्रम से 99 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। चंद्रिका विश्नोई ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक मिसाल पेश की है। चंद्रिका के पिता गोपाल सारण, जो पूर्व एसआई थे, पेपर लीक मामले में एसओजी की ओर से गिरफ्तार किए गए थे। इसके बावजूद चन्द्रिका ने कठिन परिश्रम से जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रारम्भ से होशियार चन्द्रिका इसका श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनो व दादा दादी को देती है तथा भविष्य में वैज्ञानिक बनने का सपना संजोये हुए है। वही जालोर के सेंट पॉल स्कूल की छात्रा दरख्शा खान पुत्री संजय खान एडवोकेट आहोर ने भी 97.33 प्रतिशत अंक हासिल किये। इसके अलावा सैमफोर्ड स्कूल की छात्रा लविसा जैन पुत्री अनिल कुमार जैन व सुहानी सोलंकी पुत्री तरुण सोलंकी ने 96.67 प्रतिशत , यासी अठावाल पुत्री पुरुषोत्तम अठावाल ने 95.83 प्रतिशत अंक हासिल किये। वही विधाभारती के करणसिंह ने 95 प्रतिशत, भावेश कुमार ने 94.17 प्रतिशत, अरविन्द्र कुमार ने 92 एवं गुरुकुल क्लासेज के हिरनसिंह ने 91.17 प्रतिशत अंक हासिल किये। परिणाम से विधार्थियों व अभिभावकों में भी खुशी नजर आई। वही दसवी बोर्ड के साथ आठवी व पांचवी बोर्ड का भी परीक्षा परिणाम जारी किया गया।

## रामनवमी की शोभायात्रा का दिया आमंत्रण

जालोर, (कासं)। विश्व हिन्दू परिषद से प्रेरित सनातन महोत्सव समिति जालोर की ओर से 26 मार्च को आयोजित होने वाली रामनवमी शोभायात्रा को लेकर विभिन्न समाज व जनमानस को आमंत्रण पत्रिका देकर शोभायात्रा में आमन्त्रित किया गया।

समिति संयोजक अम्बालाल व्यास ने बताया कि कल 26 मार्च को आयोजित होने वाली रामनवमी शोभायात्रा को लेकर विभिन्न समाज व जनमानस को आमंत्रण पत्रिका देकर शोभायात्रा में आमन्त्रित किया गया। समिति सदस्यों द्वारा विभिन्न समाज को आमंत्रण पत्रिका देकर आमन्त्रित करते हुये निवेदन किया गया कि आप सभी शोभायात्रा में पधारकर इसे भव्य बनाए। साथ ही समिति सदस्यों द्वारा शोभायात्रा मार्ग का अवलोकन किया गया।

रास्ते में समाज, व्यापारी, सामाजिक संगठन आदि से जलपान व अल्पाहार की व्यवस्था हेतु निवेदन किया गया। समिति संयोजक अम्बालाल व्यास ने बताया कि शोभायात्रा की शुरुआत भारत माता चौक में साधु संतों द्वारा भगवान श्रीराम को दीप प्रज्वलित कर की जायेगी। तत्पश्चात वहां से हरिदेव जोशी चौराया, पंचायत समिति, भक्त प्रहलाद चौक, बडी पोल, घांचियों की पिलानी, सुभाष मार्केट, माणक चौक, सदर बाजार, गांधी चौक, सूरज पोल, कालका कॉलोनी, जागनाथ महादेव, राजेन्द्र नगर, अस्पताल चौराहा से तिलक द्वार स्थित रामदेवजी मंदिर पर महाआरती के साथ प्रसादी वितरण कर शोभायात्रा का विसर्जन होगा।

## हीरा लाल सारस्वत जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष बने

जालोर, (कासं)। जालोर जिला कुश्ती संघ के चुनाव सम्पन्न हुए। हीरालाल सारस्वत को अध्यक्ष निर्वाचित किया।

हीरालाल सारस्वत ने कहा कि मुझे अध्यक्ष चुनकर जो विश्वास जताया है, उसके लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। और इस जिम्मेदारीपूर्ण कार्य को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा यह पद मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। मेरा संकल्प है कि नई कार्यकारिणी के साथ मिलकर पूर्ण पारदर्शिता अनुशासन के साथ पहलवानों के कल्याण को सर्वोपरि रखेंगे आइए हम सब मिलकर जालोर की कुश्ती खेल को मजबूती से नई ऊंचाइयों पर ले जाए। उक्त अध्यक्षीय उद्बोधन जालोर जिला कुश्ती संघ की वार्षिक साधारण सभा एवं चुनाव कार्यक्रम में चिरंजी लाल दवे अध्यक्ष जालोर जिला ओलम्पिक संघ महासचिव लाल सिंह सांखला जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के पर्यवेक्षक अमित शर्मा राजस्थान कुश्ती संघ के पर्यवेक्षक कन्हैया लाल मालव जालोर जिला ओलम्पिक संघ के पर्यवेक्षक हरि राम डारा चुनाव अधिकारी प्रभु दान राव तथा कुश्ती संघ के समस्त क्लबों के पदाधिकारी की मौजूदगी में दिये।

जालोर जिला कुश्ती संघ के चुनाव होटल विजय पैराडाइस में सम्पन्न हुए जिसमें अध्यक्ष पद पर भा ज पा के वरिष्ठ पदाधिकारी समाजसेवी हीरा लाल सारस्वत, छोगा राम सारण उपाध्यक्ष कालू राम विश्नोई शैलेंद्र सिंह सांखला मलाराम कडवासरा डॉ दिनेश सारण प्रभावती इंदा सचिव हरी राम विश्नोई संयुक्त सचिव हिम्मत सिंह सोलंकी मून सिंह राठौड़ मंगु राम राणा भजन लाल विश्नोई यामिनी चौहान कोषाध्यक्ष जीतेंद्र सिंह सांखला कार्यकारिणी सदस्यों में अर्जुन सिंह सिंदल देवेंद्र मत्तड भागीरथ गर्ग ओम प्रकाश आर्य अशरफ खान को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अतिरिक दो कमिश्नर एस ओ एम में हनुमान पंवार मंजुलाबेन एथलिट कमीशन अमरा राम माली अन्तेश कंवर को सम्मिलित किया गया है। एथलेटिक्स कोच जोग सिंह राठौड प्रकाश भटनागर जोगेश ओझा ओम प्रकाश गर्ग आदि उपस्थित थे।

# यात्री सुविधाओं व व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश

जोधपुर, (कासं)। रेलवे स्टेशन पर सर्विस इम्प्रूवमेंट ग्रुप की मंगलवार को आयोजित बैठक में रेलवे स्टेशन के चल रहे पुनर्विकास कार्य के मद्देनजर मूलभूत यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं संरक्षण पर विशेष बल दिया गया।

अपर मंडल रेल प्रबंधक करनी राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण,स्वच्छता व्यवस्था,सुरक्षा उपायों तथा आधारभूत ढांचे के विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान प्लेटफॉर्मों की साफ-सफाई, पेयजल, वेटिंग रूम, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था एवं टिकटिंग सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक ने विशेष रूप से लिफ्ट एवं एस्केलेटर के नियमित संचालन पर निगरानी रखने के सख्त निर्देश दिए और कहा कि इनमें किसी भी तकनीकी खराबी से बंद होने की सूचना पर तत्काल दुरुस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी सुधार कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने एवं नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए ताकि यात्रियों को बेहतर एवं सुगम रेल सेवाएं उपलब्ध हो सकें। सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने कहा कि जोधपुर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है। इसके मद्देनजर सुपरवाइजर्स इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आवागमन करने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए टॉयलेट ब्लॉक व प्रतीक्षालयों में स्वच्छता,पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, एसी, पंखों एवं कूलर की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

## 'जैसलमेर पिछड़ा'

जैसलमेर, (नि.सं.)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी वर्ष 2026 के आंकड़ों के अनुसार, जैसलमेर जिला 92.64 फीसदी कुल उत्तीर्ण के साथ प्रदेश की सूची में निचले पायदानों पर रहा है।

बचपन में पिता की मौत के बाद मां द्वारा मजदूरी कर पढ़ाई गई बेटी कुंती कंवर पुत्री स्व. खींवसिंह तंवर निवासी रामदेवरा ने 10वीं की परीक्षा में 98.17 प्रतिशत अंक हासिल किए। कुंती, बीआरवीएम स्कूल, रामदेवरा की स्टूडेंट है।


उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक इंजीनियरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अंतर्गत निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा सूचना सं. 2025-26 : 186 of 2025-26 कार्य का नाम व स्थान : Pre and post tamping track measurement survey using Trimble Gedo Vorsys trolley system under ADEN/BME Jurisdiction of Jodhpur Division अनुमानित लागत रूपये : 9438184.26 बयाने की राशि रूपये : 188800.00 ई-निविदा सूचना सं. 2025-26 : 189 of 2025-26 कार्य का नाम व स्थान : Special repairs to staff quarters From DUK to BLDI (Ex) in the section of SSE / W/SMR under ADEN/SMR of Jodhpur Division अनुमानित लागत रूपये : 56823013.08 बयाने की राशि रूपये : 1136500.00 ई-निविदा सूचना सं. 2025-26 : 190 of 2025-26 कार्य का नाम व स्थान : Improvement to various service buildings from DUK to BLDI in the section of ADEN/SMR of Jodhpur Division अनुमानित लागत रूपये : 19130860.42 बयाने की राशि रूपये : 382600.00 ई-निविदा सूचना सं. 2025-26 : 187 of 2025-26 कार्य का नाम व स्थान : Replacement of old / dilapidated quarters by 16 x Type III quarters in SMR-MBF Section in the jurisdiction of ADEN/Barmer of Jodhpur Division अनुमानित लागत रूपये : 65773334.36 बयाने की राशि रूपये : 1315500.00 ई-निविदा सूचना सं. 2025-26 : 188 of 2025-26 कार्य का नाम व स्थान : Pre and post tamping track measurement survey using Trimble Gedo Vorsys trolley system under ADEN/SMR Jurisdiction of Jodhpur Division अनुमानित लागत रूपये : 9858332.02 बयाने की राशि रूपये : 197200.00 निविदा सूचना संख्या 186of2025-26, 189of2025-26, एवं 190of2025-26, निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 13.04.2026 को 15.00 बजे तक तथा निविदा सूचना संख्या 187of2025-26, एंव 188of2025-26,निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 20.04.2026 को 15.00 बजे तक है वेबसाइट का विवरण जहाँ पर ई- निविदा देखी व भरी जा सकती है- www.ireps.gov.in

426-DR/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# राज गणगौर की सवारी शाही लवाजमे के साथ निकलेगी

जोधपुर, (का.सं.)। मेहरानगढ़ दुर्ग के नागणेच्या माता मंदिर से परंपरानुसार खासे में सज धज कर राज गणगौर की सवारी शाही लवाजमे व ढोल ढमाके के साथ शुक्रवार, 27 मार्च को सांय 5:15 बजे निकलेगी व फतेहपोल होकर रानीसर पहुंचेगी।

मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अजय सिंह शेखावत ने बताया कि किले के नागणेच्या माताजी मंदिर के प्रांगण में पूर्व महारानी हेमलता राज्ये व युवरानी गायत्री राज्ये द्वारा पूजा-अर्चना की जाएगी। बाद में पूर्व राजपरिवार की महिलाओं द्वारा परिक्रमा कर पूजा-अर्चना होगी व राजपुरोहित व राजव्यास द्वारा परम्परागत श्री गणगौर माताजी की पूजा किये जाने के बाद घूमर नृत्य, गणगौर गीत गायन के साथ राज गणगौर की सवारी महलों से नीचे उतरेगी।

नागणेच्या मंदिर से पूर्वजों की वेशभूषा में सफेद जामा केसरिया पगड़ी और कमरबंद बांधे हुए पालकी वाहक खासे को कंधे पर उठा कर विदा होंगे।

खासे लवाजमे के प्रतीक किरणिया, त्रिशूल, थम्भ, महिमरातिब, छंवर, सोने-चांदी की छड़िया धारण किये हुए छड़ीबरदार और जुलूस के आगे राज परिवार के मारवाड़ स्टड के घोड़े पर मारवाड़ का पचरंगा निशान फहराये हुए चलेंगे। जुलूस के अंत में सुतरी नगाड़ा व नोबत होंगी।

आगे शाही निशान, पताका, स्वर्ण व चांदी की छड़ी थामे शाही लवाजमा तथा पालकी वाहकों के कंधे पर खासा पालकी में सजी स्वर्णाभूषणों व शाही वेश में लक-दक राज गणगौर की सवारी मेहरानगढ के महलों से सूरजपोल, लोहापोल, इमरती पोल होते हुए राव जोधा के फलसे से होकर चोकेलाव महल पहुंचेगी।

पूर्व महाराजा गजसिंह राज गणगौर की सवारी के जुलूस में चोकेलाव महल से शरीक होंगे।

साथ में परम्परागत पूर्व महाराज, पूर्व रावराजा, सिरायत, सिरदार, मुत्सदी, एहलकार ,नागरिक, राजवेदिया, राज्व्यास, दानाध्यक्ष, राजजोशी भी साथ होंगे। गज सिंह किले के फतेह पोल के बाहर स्थित गणेश जी की मूर्ति की पूजा करेंगे।

रानीसर पर गजसिंह द्वारा राज गणगौर की सवारी का विधिवत् पूजन व जल अर्पण होगा एवं भोळावणी की रस्म अदायगी की जाएगी। इस अवसर पर अन्य मोहल्लों से आई हुई गणगौरों का भी स्वागत किया जाएगा।

## जोधपुर डिस्कॉम में निजीकरण का विरोध

फलोदी, (निसं)। जोधपुर विद्युत वितरण निगम की संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में डिस्कॉम के सभी कर्मचारियों अधिकारियों व संगठनों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में जोधपुर डिस्कॉम में किए जा रहे निजीकरण के प्रयास का पुरजोर विरोध किया। 25 मार्च से 27 मार्च सभी अपने कार्य स्थल पर काली पट्टी बांध कर कार्य करेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त संघर्ष समिति के करन सिंह राजपुरोहित ने स्पष्ट किया कि यह निजीकरण कदम न तो कर्मचारियों के हित में हैं और न ही आम उपभोक्ताओं के हितों का कोई ख्याल रखा जाएगा। जोधपुर डिस्कॉम के कार्य क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन के बावजूद निजीकरण का प्रयास तर्कहीन है। फलोदी डिस्कॉम में संयुक्त संघर्ष समिति संयोजक फिरोज खान, अभियंता ओम प्रकाश जयपाल, अरविंद पवार, प्रेमराज जांगिड़, जय प्रकाश स्वामी, चौथमल मीणा, दिनेश चारण, इंद्राज, मूलाराम विश्नोई, लादू राम विश्नोई, नेताराम देवडा, कपूरचंद माली, कैलाश विश्नोई, सवाई सिंह भाटी, मनोज थानवी, बुधाराम विश्नोई, राम नारायण सिंह, अमर सिंह, हरीश वर्मा, त्रिलोकचंद, पारस गुप्ता, मनोज मीना, ओम प्रकाश विश्नोई, रामचंद्र मेघवाल, ?सांत कयाल, अनिल शर्मा, सीमा, रेखा, सुशीला, गुड्डा मीणा, महिपाल, वासुदेव मेघवाल, अरुण पंवार, महेश पंवार, कमल जीनगर, सुरेंद्र पलसानिया व हनुमान खिलेरी ने बताया कि डिस्कॉम के निजीकरण को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे साथ ही सरकार ने जोधपुर डिस्कॉम में निजीकरण नहीं रोका तो 30 अप्रैल को जोधपुर डिस्कॉम मुख्यालय पर विशाल रैली और प्रदर्शन करेंगे।

## जुर्माना लगाया

पाली, (नि.सं.)। विधिक माप विज्ञान अधिकारी ने राजेन्द्र ऑयल एण्ड कम्पनी मोखमपुरा को मंगलवार को औचक निरीक्षण किया।

विधिक माप विज्ञान निरीक्षक विष्णुदत्त जोशी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सरसों तेल की पैकिंग करना पाया गया। इकाई के पास पैकेजिंग लाइसेंस उपलब्ध नहीं पाया गया। इलेक्ट्रोनिक तोल-कांटे सत्यापित व सही पाए गए। इकाई को पैकेजिंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए पाबंद किया गया व पीसीआर रूल्स 2011 के अनुसार जुर्माना लगाया गया।


कार्यालय जिला प्रबंधक, राजस्थान संवाद, जालोर

क्रमांक / संवाद / निविदा / जालोर / 2026 / 178 दिनांकः- 24.03.2026

खुली निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय में मासिक आधार पर आवश्यकतानुसार एक कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित ऑपरेटर (मशीन विद मैन) एवं एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वित्तीय वर्ष 2026-27 (01.04.2026 से 31.03.2027) तक मासिक दर अनुबंध करने हेतु राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, वस्तु एवं सेवाकर, आय कर (पैन नम्बर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्टर 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत बोलीदाता से मोहरबंद खुली निविदा दिनांक 30.03.2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे कमेटी सदस्यों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा की अनुमानित लागत लगभग 2 लाख 90 हजार रूपये आंकी गई है। संविदा आमंत्रण की नियम व शर्ते कार्यालय में कार्यालय दिवसों में किसी भी दिन एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

NIB-IPR2526A0038
UBN-IPR2526SSOB00041

जिला प्रबंधक
राजस्थान संवाद, जालोर

राज.संवाद / सी / 25 / 23214

